<u>संदेश</u>

इस वर्ष 25 मार्च को मनाए जाने वाले चैत्र शुक्लादि, उगादी, गुडी पड़वा, चेती चाँद, नवरेह और साजिबु चेरोबा के शुभ अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

बसंत ऋतु के ये त्योहार, हमारे देश के सांस्कृतिक वैभव के विविध रंगों और हमारी समृद्ध विरासत के प्रतीक हैं और साथ ही, एक दूसरे के साथ खुशियां बांटने की हमारी गौरवशाली परंपरा का हिस्सा भी।

मेरी कामना है कि इन त्योहारों की भावना के अनुरूप, सभी देशवासियों में आपसी सौहार्द और भाईचारे की भावना अधिक मजबूत हो। साथ ही, सभी देशवासी दृढ़ संकल्प के साथ COVID-19 वायरस का मुकाबला करें। त्योहार मनाते समय *सोशल डिस्टेंसिंग* तथा अन्य सभी सावधानियां बरतें।